--प्रेस नोट--

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 22.12.2024

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल सहित 02 अभियुक्तगण अवैध शस्त्र, एटीएम कार्ड, 5000/- रूपये नगद व घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 21.12.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिहं मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 207/2024 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ संभलहेड़ा नहर पटरी पर से 02 अभियुक्तगण 1- सलमान पुत्र फिरोज (घायल) 2- नासिर पुत्र नन्हे निवासीगण ग्राम चिट्टा थाना सलेमपुर जनपद बुलंदशहर को घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोका कारतूस 315 बोर, 5000/- रूपये नगद, 01 एटीएम कार्ड व 01 वैगनआर कार (डीएल 2 सीएएल 6326) बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 208/2024 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा 02 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 22.12.2024 को थाना नई मण्ड़ी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 36351/9/23 धारा 120/406 भादवि में वारन्टी अभियुक्त पंकज बंसल पुत्र अजय बंसल निवासी राजवंश स्कूल के पीछे हरिपुरम, कूकड़ा थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर तथा वाद सं0- 10959/9/23 धारा 138 एनआई एक्ट में वारन्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र हुकम सिंह निवासी अलमासपुर रविदास मन्दिर थाना नई मण्ड़ी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा 03 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 21.12.2024 को थाना नई मण्ड़ी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनील कुमार तोमर मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग मुखबिर की सूचना पर कूकडा रोड बाउन्ड्री के पास से 03 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1- मनीष पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम बहलोलपुर थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर 2- श्याम पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम लाडपुर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर 3- छोटू पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम लिसौड़ा थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 9.228 किग्रा0 अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 609/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 22.12.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री श्रीपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 980/22 धारा 138(1)(बी) विद्युत अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त शमीम पुत्र यासीन निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना तितावी पुलिस द्वारा 02 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 22.12.2024 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री मशकूर अली मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 58/18 धारा 138 विद्युत अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त शमशाद पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 22.12.2024 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री ओमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 3034/2020 धारा 138(4)बी विद्युत अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त राजकुमार पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम नूनाखेड़ा थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना ककरौली पुलिस द्वारा 03 वारन्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 22.12.2024 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनोज कुमार मय हमराहीगण द्वारा 1- वाद सं0- 4802/07 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त कालू पुत्र इदरीश उर्फ मौखा निवासी ग्रांम व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर 2- वाद सं0- 141/9/20 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त इलम सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी ग्राम बेहड़ा सादात थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर 3- वाद सं0- 17082/22 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के वारन्टी अभियुक्त रामकुमार पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम चौरावाला थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।